Title: Re: Need to utilize the lands of closed down cement plant of Cement Corporation of India in Raipur Parliamentary Constituency for industrial purposes.

श्री सुनील कुमार सोनी (रायपुर): मेरे लोकसभा क्षेत्र रायपुर अंतर्गत ग्राम मांढर विकासखंड धरसींवा अंतर्गत सीमेंट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया का सीमेंट प्लांट संचालित था। वर्तमान में उक्त सीमेंट प्लांट बंद है। सीमेंट प्लांट एवं उससे लगे कर्मचारियों के निवास के लिए बनाई गई कॉलोनी वर्तमान में अत्यंत जर्जर स्थिति में है। उक्त क्षेत्रफल लगभग 200 एकड़ भूमि का है। आज रायपुर जो कि छत्तीसगढ़ की राजधानी है, में भूमि की दर उच्चतम स्तर पर है एवं भूमि की कमी भी है। उक्त स्थिति में उक्त 200 एकड़ में फैला सीमेंट प्लांट एवं कॉलोनी का किसी तरीके का उपयोग नहीं हो रहा है। अतः मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि उक्त भूमि का उपयोग अन्य किसी वृहद उद्योग के लिए किया जाये, जिससे कि उक्त क्षेत्र के निवासियों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो सकेंगे अथवा इस संबंध में अन्य कोई नीतिगत निर्णय लिया जाये जिससे कि केन्द्र सरकार की रिक्त भूमि से सरकार को राजस्व प्राप्त हो सके।